# राजनीति में आना मेरे जीवन का 'टर्निंग प्वाइंट' था : राज्यपाल



**लखनऊ (एसएनबी)** । राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बृहस्पतिवार को कहा कि राजनीति में आना उनके जीवन का 'टर्निंग प्वाइंट' था और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उन्हें सियासत में लेकर

**■ आनन्दीबेन पटेल ने जीवन पर आधारित पुस्तक 'चुनौतियां मुझे पसंद हैं' के विमोचन पर यह बात कही**

आये थे। राज्यपाल ने यहां अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के सभागार में अपने जीवन पर आधारित पुस्तक 'चुनौतियां मुझे पसंद हैं' के विमोचन के अवसर पर यह बात कही। विनोद जोशी, अशोक देसाई और पंकज साहनी लिखित इस पुस्तक का उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने विमोचन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी अपने दोनो डिप्टी सीएम व कैबिनेट के सहयोगियों के साथ मौजूद रहे।

राज्यपाल ने कहा कि यह पुस्तक मेरे जीवन में आयी चुनौतियों, परिश्रम और आत्मबल का लेखा-जोखा है। इसमें मेरी भावनाओं, संघर्षों और अनुभवों की यात्रा है। इसके माध्यम से मेरा यह प्रयास रहा है कि मैं उन संघर्षों को साझा कर सकूं जो शायद किसी और के जीवन में आशा की एक किरण बने, किसी थके हुए यात्री को संबल दे या किसी युवा को यह विश्वास दे कि इच्छाशक्ति प्रबल हो तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता।" पटेल ने कहा कि मुझे खुशी है कि इस समाज को बदलने का काम भी हमारे जैसे हजारों भाई बहनों ने किया है, लेकिन राजनीति में आना मेरे लिए टर्निंग पॉइंट बना। उस समय गुजरात में तीन साल तक लगातार अकाल पड़ा था। ऐसी स्थिति में नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में न्याय यात्रा का आयोजन हुआ। मैं भी उसमें शामिल हुई। मैं उस वक्त पार्टी में नहीं थी। नरेन्द्र भाई ने मुझे सुझाव दिया कि आप भाजपा ज्वाइन करिये, लेकिन मैंने थोड़ी आनाकानी भी की। एक तरफ मेरा स्कूल था, बच्चे थे और सास को कैंसर भी था। तब मैंने सोचा कि चलिए एक जिले का दायित्व संभालू तो दूसरे दिन महिला मोर्चा के अध्यक्ष के रूप में मेरे नाम की घोषणा हो गई। महिलाओं का संगठन तैयार करने की जिम्मेदारी मुझे मिली और बहुत दिल से मैंने पूरे गुजरात में महिलाओं का संगठन बनाया, जो आज भी काम कर रहा है।"

राज्यपाल ने गुजरात की महिला मोर्चे की अध्यक्ष, मंत्री और मुख्यमंत्री के रूप में अपने अनेक अनुभवों को साझा किया और कहा कि यह पुस्तक मेरे अतीत का दस्तावेज है लेकिन इसका उद्देश्य आने वाले भविष्य को प्रेरणा देना है। उन्होंने कहा, "इस पुस्तक की कीमत 500 रुपये है और यह किसी को मुफ्त में नहीं मिलने वाली है.... लेकिन इससे जो धन प्राप्त होगा वह मैंने जहां-जहां काम किया है वहां के बच्चों को पढाने के लिए उपयोग किया जाएगा।" राज्यपाल ने कहा कि उन्होंने पुस्तक के विमोचन के लिये एक मई का दिन इसलिये भी चुना है क्योंकि आज गुजरात का स्थापना दिवस भी है। साथ ही श्रमिक दिवस भी आज ही मनाया जा रहा है।

पटेल ने कहा कि राजभवन केवल प्रशासनिक इकाई नहीं है। समाज के लिए यह एक प्रेरणा का केंद्र बने इसलिए राजभवन को भी मैंने शैक्षणिक केंद्र बनाया और हमारे हजारों छात्र यहां आते हैं, देखते हैं और सीखते हैं। ...टीबी मुक्त यूपी बनाना, आंगनबाड़ियों को साधन संपन्न बनाना, यह सभी काम आप सभी लोगों के सहयोग से चल रहे हैं।

रहस्य संदेश
02/05/2025

# दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविद्यालय इटावा में हुआ राज्यपाल के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण



अनवर अशरफ

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर आनंद कुमार सिंह के निर्देशानुसार आज 01 मई, 2025 को पूर्वाहन 11:00 बजे से उत्तर प्रदेश के माननीय राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी के जीवन वृतांत पर आधारित पुस्तक %चुनौतियां मुझे पसंद है% का विमोचन भारत गणराज्य के माननीय उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ जी के कर कमलों द्वारा माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश, आदरणीय योगी आदित्यनाथ जी एवं अन्य महानुभावों की गरिमामई उपस्थिति में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ में कार्यक्रम का किया गया। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखने के लिए डॉ एन के शर्मा अधिष्ठाता के निर्देशन पर महाविद्यालय की समस्त फैकल्टी और छात्र दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविद्यालय इटावा के बने हुए सभागार में उपस्थित रहकर प्रोजेक्टर और स्क्रीन के माध्यम से सजीव प्रसारण देखा गया।

# दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविद्यालय इटावा में हुआ राज्यपाल के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण

दि ग्राम टुडे, कानपुर ।( संजय मौर्य )

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर आनंद कुमार सिंह के निदेर्शानुसार आज 01 मई, 2025 को पूर्वाहन 11:00 बजे से उत्तर प्रदेश के माननीय राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी के जीवन वृतांत पर आधारित पुस्तक 'चुनौतियां मुझे पसंद है' का विमोचन भारत गणराज्य के माननीय उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ जी के कर कमलों द्वारा माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश, आदरणीय योगी आदित्यनाथ जी एवं अन्य महानुभावों की गरिमामई उपस्थिति में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ में कार्यक्रम का किया गया। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखने के लिए डॉ एन के शर्मा अधिष्ठाता के निर्देशन पर महाविद्यालय की समस्त फैकल्टी और छात्र दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविद्यालय इटावा के बने हुए सभागार में उपस्थित रहकर प्रोजेक्टर और स्क्रीन के माध्यम से सजीव प्रसारण देखा गया।

